Bihar Board Class 6 Science Important Questions Chapter 4 विभिन्न प्रकार के पदार्थ

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
प्लास्टिक से बनाई जा सकने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए।
उत्तर:
बाल्टी, गिलास, कुर्सी, मेज और प्लेट।

प्रश्न 2.
धातुओं से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
वे पदार्थ, जिनमें एक प्रकार की धुति (चमक) होती है, वे प्रायः धातु होते हैं।

प्रश्न 3.
धातुओं के उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
लोहा, ताँबा, ऐलुमिनियम तथा सोना, धातुओं के उदाहरण हैं।

प्रश्न 4.
कोमल पदार्थ कौनसे होते हैं?
उत्तर:
जिन पदार्थों को आसानी से संपीडित अथवा खरोंचा जा सकता है, कोमल पदार्थ कहलाते हैं, जैसे - रुई व स्पंज।

प्रश्न 5.
कठोर पदार्थ किसे कहते हैं?
उत्तर:
वे पदार्थ जिन्हें संपीडित करना कठिन होता है, कठोर पदार्थ कहलाते हैं।

प्रश्न 6.
जल में पूर्णत: विलेय दो पदार्थों के नाम बताइये।
उत्तर:

1. नमक और
2. चीनी।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
जल में अविलेय किन्हीं दो पदार्थों के नाम लिखिए।
उत्तर:

1. चाक पाउडर और
2. लकड़ी का बुरादा।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
विलेय तथा अविलेय पदार्थों में अन्तर स्पष्ट कीजिये।
उत्तर:

विलेय पदार्थ	अविलेय पदार्थ
1. जो पदार्थ द्रव (जल) में घोलने पर पूरी तरह घुल जाते हैं, वे विलेय पदार्थ कहलाते हैं।	1. जो पदार्थ किसी भी प्रकार के द्रव में नहीं घुलते हैं, वे अविलेय पदार्थ कहलाते हैं।
2. नमक, चीनी, सिरका, नींबू का रस आदि विलेय पदार्थ हैं।	2. बालू, चाक पाउडर, लकड़ी का बुरादा आदि अविलेय पदार्थों के उदाहरण हैं।

प्रश्न 2.
पारदर्शी, अपारदर्शी तथा पारभासी पदार्थों को उदाहरणों सहित समझाइये।
उत्तर:

1. पारदर्शी पदार्थ: ऐसे पदार्थ अथवा सामग्रियाँ जिनके पार वस्तुओं को आसानी से देखा जा सकता है, पारदर्शी पदार्थ कहलाते हैं। जैसे - काँच, जल, वायु तथा कुछ प्लास्टिक की वस्तुएँ।
2. अपारदशी पदार्थ: ऐसे पदार्थ, जिनके पार देखना संभव नहीं होता है, अपारदर्शी पदार्थ कहलाते हैं। जैसेबंद लकड़ी के बॉक्स, गत्ते के डिब्बे , धातु के पात्र आदि।
3. पारभासी पदार्थ: ऐसे पदार्थ, जिनसे पदार्थों को देखा तो जा सकता है, परन्तु पूर्णतः स्पष्ट नहीं, पारभासी पदार्थ कहलाते हैं। जैसे - बटर पेपर, एक्सरे प्लेट आदि।

प्रश्न 3.
किसी वस्तु को बनाने के लिए किसी पदार्थ का चयन किस पर निर्भर करता है?
उत्तर:
किसी वस्तु को बनाने के लिए किसी पदार्थ का चयन किया जाना उस पदार्थ के गुणों तथा उपयोग की जाने वाली वस्तु के प्रयोजन पर निर्भर करता है।

eVidyarthi
https://www.evidyarthi.in/